हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 3 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 जिले में नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था...



07 औसत बारिश का आंकड़ा छूने अब तक हुई बारिश...



खबर संक्षेप

सोहागपुर में युवा सम्मेलन 8 को

सोहागपुर। सोहागपुर में आठ सितंबर को युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जानकारी अनुसार दोपहर दो बजे वाटिका गार्डन में युवाशक्ति की उपस्थिति में आयोजन होगा। बताया जाता है कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर इस आयोजन में मंथन होगा। युवा सम्मेलन में युवाओं की भूमिका, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक दायित्व, राष्ट्र सेवा तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता को सही दिशा मिले तो वे समाज में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किया जा रहा है।

पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष हेतु कार्यक्रम जारी

नर्मदापुरम। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2026 (पूर्वार्द्ध) हेतु 31 जुलाई 2026 की स्थिति में रिक्त स्थानों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल खड़े

ग्राम सांगाखेड़ा कला में घटिया निर्माण से रामलीला भवन की छत भर भराकर गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सरकारी निर्माण एक बार फर सवालों के घेरे में आ गया। जब जनपद पंचायत माखननगर में निर्माणाधीन रामलीला पंडाल की छत ताश के पत्तों की तरह ढह गई।

जनपद पंचायत माखन नगर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जिला मुख्यालय नर्मदापुरम से चंद किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सांगाखेड़ा कला में 5 लाख राज्यसभा सांसद निधि से श्री रामलीला रंगमंच भवन के लिए तैयार की जा रही छत निर्माण के दौरान भरभरा कर गिर गई। घटना के बाद निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में सड़ी हुई बल्लियों का इस्तेमाल किया गया। वहीं सरिया को लेकर भी विरोधाभासी बातें सामने आ रही हैं। मौके पर 8 एमएम और 10 एमएम का लोहा लगाए जाने की बात कही जा रही है, जबकि 16 एमएम का लोहा लगाए जाने का दावा किया जा रहा था। भवन की ऊंचाई को देखते हुए एक फिट चौड़े कालम एवं बीम डालना था लेकिन यहां लापरवाही दिखाई दी 9 इंच के कालम और बीम डाले गए हैं।



धार्मिक भवन में निर्माण मानकों की अनदेखी



सबसे बड़ा सवाल यह है कि रामलीला जैसे धार्मिक आयोजन के लिए बनने वाले भवन में निर्माण मानकों की अनदेखी आखिर किसके संरक्षण में हुई? क्या निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचा था? यदि निरीक्षण हुआ था तो घटिया सामग्री का इस्तेमाल कैसे होने दिया गया? ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराता है या फिर भगवान के नाम पर हुए इस कथित खेल पर पर्दा डालने की कोशिश की जाती है। आस्था के नाम पर बनने वाले निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। गनीमत रही इस छत निर्माण के दौरान हुए हादसे में किसी प्रकार की जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

सामग्री की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

निर्माण में रेता-गिट्टी और अन्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन और धार्मिक आस्था के साथ गंभीर खिलवाड़ का मामला हो सकता है। हालांकि आरोप यह भी है कि जनपद माखन नगर में उपयंत्री मुकेश बुबाड़े निर्माण कार्य शुरू करा कर चले गए थे जबकि उन्हें छत डालने तक मौके पर मौजूद रहना था, लेकिन वह उक्त स्थान से लापता थे। इस संबंध में उपयंत्री जनपद पंचायत माखननगर मुकेश बुबाडे का कहना है कि छत डालने का कार्य शुरू कराकर बीम भरना शुरू हो गया था उसके बाद मैं आ गया था। सेटिंग में लगी तीन बल्ली टूटने के कारण छत गिर गई।

होटल के बाथरूम में कैद हुआ युवक, घबराकर की तोड़फोड़

होटल स्टाफ और लोगों की मदद से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में एक युवक होटल के बाथरूम में फंस गया। अंदर से दरवाजा लॉक हो गया और कुंडी नहीं होने से खोल नहीं पाया। घबराकर युवक ने बाथरूम के कांच तोड़े पानी फेंका और फिर लोगों ने देखा और स्टाफ को बताया। इसके बाद होटल स्टाफ की मदद से युवक को बाहर निकाला गया।

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। पुलिस के अनुसार टेलीफोन एक्सचेंज के सामने होटल वल्लभ विलास में युवक ने रुम लिया था। अंदर से बाथरूम का दरवाजा लॉक हो गया और कुंडी नहीं होने से वह खोल नहीं पाया।



इसमें होटल की भी लापरवाही सामने आई है। बताया जाता है कि वेंटीलेशन के कांच तोड़कर उसने सड़क पर पानी फेंक कर लोगों को सूचित किया। इसके बाद उन्हें निकाला गया। पुलिस का कहना है कि युवक को दूसरे कमरे में शिफ्ट कर दिया गया था।

तीसरी लाइन कार्य के चलते 6 ट्रेनें प्रभावित

नर्मदापुरम। हड़पसर–पुणे रेलखंड में थर्ड लाइन कमीशनिंग कार्य के लिए पुणे एवं हड़पसर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 4 रेलगाड़ियां शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट, 1 रेलगाड़ी मार्ग परिवर्तित तथा 1 रेलगाड़ी रि-शिड्यूल रहेगी। गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति–पुणे एक्सप्रेस 3 अक्टूबर को रानी कमलापति से प्रस्थान करने वाली यह ट्रेन अगले दिन पुणे के स्थान पर दौंड जंक्शन स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। गाड़ी संख्या 22171 पुणे–रानी कमलापति एक्सप्रेस 4 अक्टूबर को पुणे के स्थान पर दौंड जंक्शन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। गाड़ी संख्या 22171 पुणे–रानी कमलापति एक्सप्रेस 20 सितंबर को पुणे से प्रारंभ होकर यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग लोनावला–कर्जत जंक्शन–पनवेल–कल्याण–इगतपुर गाड़ी संख्या 20151 हड़पसर–रीवा एक्सप्रेस दिनांक 24 सितंबर को हड़पसर स्टेशन से अपने निर्धारित समय दोपहर 3:15 बजे के स्थान पर शाम 4 बजे अर्थात 45 मिनट रि-शिड्यूल होकर प्रस्थान करेगी।

मौसमः जिले में अब तक हुई 683.9 मिमी औसत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अब तक 683.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1152.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 1 सितम्बर से 2 सितम्बर को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी 2.8 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढी में 2.0 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.10 फीट है, तवा जलाशय का 1154.40 फीट है, बरगी जलाशय का 421.85 मीटर एवं बारना जलाशय 346.87 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है।

इटारसी, बानापुरा और क्षेत्र के विकास के लिए उठे कई मुद्दे

नागपुर में सांसदों की वार्षिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य रेल के नागपुर और भुसावल मंडलों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की रेलवे समस्याओं और यात्री सुविधाओं को लेकर नागपुर में वार्षिक बैठक आयोजित की गई। मध्य रेल के महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में हुई इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रतिनिधि एवं जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने क्षेत्र की प्रमुख रेल मांगों को प्रमुखता से रखा।

हरिद्वार-एलटीटी एक्सप्रेस (12171-12172) का इटारसी जंक्शन पर ठहराव। इसके अलावा बानापुरा स्टेशन पर भुसावल-नागपुर वाया इटारसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, पुष्पक एक्सप्रेस और कामायनी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग।



प्लेटफार्म क्रमांक 2 व 3 की सीढ़ियों का चौड़ीकरण, सभी प्लेटफार्म पर लिफ्ट और एक्सीलेटर की व्यवस्था जल्द शुरू करने तथा इटारसी माल गोदाम के अविलंब विस्थापन का मुद्दा। प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाना, माल गोदाम को अन्यत्र शिफ्ट करना और बंद पड़ी आरपीएफ चौकी को फिर से शुरू करना। अमृत भारत स्टेशन योजना नरसिंहपुर, गाडरवारा, करेली, पिपरिया, इटारसी और सिवनी मालवा स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने, सौंदर्यीकरण, प्रवेश-निकास द्वार, प्रतीक्षालय, शौचालय और पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश। जुझारपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के काम में तेजी लाने की मांग। बैठक में नागपुर, भुसावल और आसपास के क्षेत्रों के कई सांसदगण मौजूद रहे, जिनमें सांसद दुर्गादास उइके, ज्ञानेश्वर पाटिल, अनिल भोंडे, बंटी विवेक साहू, श्याम कुमार बर्डे, प्रतिभा संजय और अनूप संजय धोटे शामिल थे। साथ ही, नागपुर व भुसावल के मंडल रेल प्रबंधक सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर कलेक्टर और कमिश्नर कार्यालय में अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से राज्य के पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान 2% महंगाई राहत देने, स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पेंशनरों को 20 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने , 35 बर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने पर डिप्लोमा धारी उपयंत्री संवर्ग को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने सहित अन्य मांग शामिल है। वहीं काल्पनिक वेतन वृद्धि एवं अंतर राशि का भुगतान 30 जून/31 दिसम्बर के न्यायालयीन प्रकरणों में काल्पनिक वेतन वृद्धि हेतु प्रशासकीय स्वीकृति एवं आंशिक संशोधन के प्रस्ताव शासन के समक्ष लंबित हैं।

उनकी स्वीकृति शीघ्र जारी की जाए, एरियर्स का भुगतान , जिनकी भी 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण हो चुकी उन्हें भी चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाए। इस मौके पर अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने सीपीई इटारसी के जवानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पिछले दिनों रक्षाबंधन से एक दिन पहले शहर के राधाकृष्ण मार्केट में स्थित एक साड़ी की दो मंजिला दुकान की ऊपरी मंजिल पर अचानक भीषण आग लग गई थी। इस विकट परिस्थिति में सीपीई इटारसी के अग्निशमन विभाग और ट्रप्स के जवानों ने अदम्य साहस और तत्परता का परिचय देते हुए आग पर सफलतापूर्वक काबू पाया और एक बड़े हादसे को टाल दिया। जवानों की इसी बहादुरी और जनसेवा के जज्बे को सराहते हुए, पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में झूलन सेवा समिति द्वारा इन सभी जांबाज कर्मियों को



विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस संपूर्ण बचाव कार्य में सूबेदार तिलक शर्मा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में दमकल कर्मियों और जवानों ने योजनाबद्ध तरीके से आग बुझाने का जोखिम भरा कार्य संपन्न किया। सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने जवानों के इस निस्वार्थ सेवा भाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग सीपीई इटारसी एवं ट्रप्स सीपीई इटारसी के जिन जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया उनमें निकेश रावल (एल.एफ.), निशांत मालवीया (एल.एफ.), अमित डेवगड़े (एल.एफ.), सुरेन्द्र सिंह मेहरा आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त प्राध्यापक व शिक्षाविद् महेश तिवारी का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्र प्राध्यापक एवं शिक्षाविद् महेश तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत, महाविद्यालय परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। महेश तिवारी ने लंबे समय तक नर्मदा महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। प्राध्यापक महेश तिवारी डॉ अनुराग तिवारी के पिता और वरिष्ठ अधिकता अनंत तिवारी के ताऊ हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके



योगदान और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास, नर्मदा निवास मंगलवारा से राजघाट के लिए रवाना हुई। यहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र डा. रुपम तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, मित्र, रिश्तेदार, शिक्षाविद्, अधिवक्ता समाजसेवी, महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थी तथा शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जीनियस प्लानेट स्कूल में हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट स्कूल, न्यास बायपास रोड, सोनासावरी, इटारसी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। विद्यार्थियों ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बील, आम, बिही, जामुन सहित विभिन्न फलदार वृक्षों



तथा अन्य छायादार पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी तथा वृक्षों के संरक्षण की भावना विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। पौधरोपण में विद्यालय के डायरेक्टर जाफर सिद्दीकी, प्राचार्य मनीता सिद्दीकी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने में ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सांसद माया नारोलिया ने तमिलनाडु सीएम से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसदीय स्थायी समिति के आधिकारिक अध्ययन दौरे पर चेन्नई प्रवास के दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलापति विजय से भेंट की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं एवं संसदीय समिति के सदस्यगणों के मध्य विभिन्न समसामयिक, जनहितैषी एवं विकासपरक विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। भेंट के उपरांत राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि संसदीय स्थायी समितियों के अंतर-राज्यीय अध्ययन दौरे देश के विभिन्न अंचलों में संचालित विकास कार्यों, नीतिगत पहलों तथा क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को धरातल पर समझने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे दौरों से प्राप्त प्रत्यक्ष अनुभवों, सकारात्मक कार्यप्रणालियों और सुझावों को संसदीय चर्चाओं तथा विधायी प्रक्रियाओं में समाहित कर विकास को गति दी जा सकती है।

बागड़ा बफर में हुई पुलिस व वन अधिकारियों की कार्यशाला

पुलिस और वन विभाग मिलकर रोकेंगे वन अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कार्यरत वन अधिकारी तथा कर्मचारी एवं नर्मदापुरम जिले की पुलिस अब साथ मिलकर वन अपराधों पर रोक लगाएंगे। उक्त निर्णय के समर्थन में गत दिवस दोनों ही विभागों के अधिकारियों की कार्यशाला संपन्न हुई है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार कार्यशाला बागड़ा बफर जोन कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें चर्चा की गई है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व बागड़ा बफर परिक्षेत्र व पुलिस विभाग सोहागपुर के संयुक्त प्रयासों से वन एवं



वन्यजीव सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य के लिए एक जरूरी संयुक्त समन्वय कार्यशाला की गई।

कार्यशाला में एसडीओपी अरविंद शाह, टीआई गिरीश त्रिपाठी सहित अन्य पुलिसकर्मी तथा बागड़ा बफर परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी विलास डोंगरे एवं मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन एवं पुलिस विभाग के बीच आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करते हुए वन एवं वन्यजीव अपराधों की रोकथाम के लिए एक प्रभावी एवं साझा रणनीति विकसित करना रहा।

ये रहे चर्चा के विषय

बैठक दौरान वन्यजीव अपराधों संबंधी सूचनाओं के त्वरित एवं गोपनीय आदान-प्रदान, संदिग्ध गतिविधि निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में संयुक्त कार्रवाई, अवैध शिकार एवं वन अपराधों की रोकथाम सहित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर मुखबिर तंत्र को मजबूत करने, विश्वसनीय सूचनाओं के संकलन एवं उनके त्वरित सत्यापन पर जोर दिया गया। बेहतर सूचना नेटवर्क, नियमित संवाद व आवश्यकता पर संयुक्त गश्त एवं कार्रवाई की महत्ता पर विचार व्यक्त किए।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ की बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंकित मौर्य ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची को शत-प्रतिशत शुद्ध और त्रुटिहीन बनाया जाना है। पुनरीक्षण का कार्य समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। बैठक के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण फॉर्मों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीन आने वाले सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट कार्यालय में जमा करें।

खबर संक्षेप



कलेक्टर-एसपी ने किया जिला जेल का किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉण सौरभ संजय सोनवाणे ,वं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बुधवार को जिला जेल बैतूल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला जेल के सभी कार्यालयों, गोदाम, पाकशाला ,वं विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जेल की सभी बैरकों में पुलिस बल द्वारा सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान जेल में सुरक्षा ,वं अन्य व्यवस्था, नियमानुसार ,वं सुचारू पाई गईं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, ,सडीओपी सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम, जेल अधीक्षक योगेंद्र कुमार तिवारी, डी,सपी प्रभारी महिला सेल दुर्गेश आर्मो, थाना गंज बैतूल के टीआई नीरज पाल, ,फ,स,ल बैतूल से टीआई आबिद खान तथा साइबर सेल से दीप सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

जिले में पिछले 24 घंटे में औसतन 1.1 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 1.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू.अभिलेख ने बताया कि 1 सितंबर प्रातरू 8 बजे से 2 सितंबर प्रातरू 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 7.8 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 0.0 मिमी, चिचोली में 3.0 मिमी, शाहपुर में 0.0 मिमी, मुलताई में 0.0 मिमी, प्रभात पट्टन में 0.0 मिमी, आमला में 1ण्0 मिमी, भैंसदेही में 0.0 मिमी, आठनेर में 0.0 मिमी तथा भीमपुर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026.27 में अब तक औसतन 599.6 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025.26 में अब तक 805.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

राधा-कृष्ण की झांकी से सजेगा बीजासनी मंदिर



बैतूल। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में तैयारियां जोर.शोर से चल रही हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट और विशेष लाइटिंग से सजाया जा रहा है। भव्य झांकियों के साथ मंदिर को नया स्वरूप देने में मंदिर समिति के सदस्य जुटे हैं। आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय, सड़क पर बेअसर

जिले में नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था वाहन चालक आए दिन होते हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर की बेपटरी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लि, दर्जनों बार बैठके हुई। योजना, भी बनी। निर्णय लिये गये, लेकिन सडक़ों पर न तो इन निर्णयों का पालन हो रहा है और न ही यातायात व्यवस्था सुधर रही है। हालात यह है कि शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में दिनभर में कई बार जाम लग रहा है। साप्ताहिक बाजार वाले दिन तो कुछ स्थानों पर जाम के कारण हालात इतने खराब हो जाते है, कि वाहन चालकों और राहगीरों को पग.पग बढक़र रास्ता तय करना पड़ता है। यह जरूर है कि बैठकों के बाद दो.तीन दिन तक प्रशासनिक अमला सक्रिय नजर आता है, कुछ वाहनों पर कार्रवाई होती है और अतिक्रमण हटाने की औपचारिकता भी निभाई जाती है। इसके बाद व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर लौट आती है। खासतौर पर बस स्टैंड के सामने और गंज क्षेत्र में जाम की यह समस्या आम बनी हुई है। इन क्षेत्रों में ट्रैफिक पुलिस भी तैनात नहीं रहती है। जिसकी वजह से वाहन चालकों को जाम से निकलने के लि, स्वतरू ही रास्ता खोजना पड़ता है। वैसे इस समस्या के लि, सबसे ज्यादा जिम्मेदार शहर की बेतरतीब वाहनों की पार्किंग भी है। लोग सडक़ पर अपने वाहन पार्क कर देते है। जिससे दूसरे वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती और बार.बार जाम की स्थिति निर्मित होती है।

भारी वाहनों के प्रतिबंध का भी असर नहीं

शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध है। आवाजाही का समय निर्धारित किया है। लेकिन यह आदेश भी सिर्फ फाइलों तक सीमित है। आदेश के अनुसार शहर के सात किलोमीटर के दायरे में मालवाहक ट्रक, डंपर, मध्यम भार क्षमता वाले ट्रक और कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले ट्रैक्टरों का सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तथा शाम 5 से रात 9 बजे तक प्रवेश प्रतिबंधित किया था। प्रतिबंधित वाहनों को बायपास मार्ग से जाने की व्यवस्था की गई थी। आदेश जारी होने के बाद शुरुआती ,क.दो दिन कार्रवाई भी हुई, लेकिन इसके बाद निगरानी और कार्रवाई की रफ्तार कम होती गई। अब प्रतिबंधित समय में भी भारी वाहन शहर की सडक़ों पर दिखाई देते हैं। इससे जाम के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती हैं।

गंज में बार.बार जाम, सड़क बनी पार्किंग

शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र गंज में यातायात व्यवस्था की बदहाली सबसे ज्यादा दिखाई देती है। यहां दिनभर में कई बार जाम की स्थिति बनती है। बेतरतीब पार्किंग, दुकानों के सामने सडक तक रखा सामान और बीच सडक पर खड़े वाहन समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। चार पहिया वाहनों की आवाजाही के कारण स्थिति ऐसी हो जाती है कि कई बार पैदल राहगीरों को भी रास्ता निकालना मुश्किल पड़ता है। रेलवे स्टेशन के सामने और दिल बहार चौक के आसपास भारी वाहनों की आवाजाही से भी जाम की स्थिति बनती रहती है। तांगा स्टैंड से बाबू चौक तक सडक के दोनों ओर वाहनों की अघोषित पार्किंग ने आवागमन को प्रभावित कर दिया है। कई वाहन चालक बीच सडक पर ही वाहन खड़ा कर बाजार में चले जाते हैं।

साप्ताहिक बाजार वाले दिन सबसे ज्यादा परेशानी

शहर के मुख्य बाजार सडक किनारे संचालित होते है। जिससे अक्सर बाजार वाले दिन यातायात व्यवस्था, पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है। हालात यह है कि सदर बाजार में वाहन चालक गलत तरीक से सडक किनारे वाहन खड़ा करते है। यहीं हाल कोठीबाजार क्षेत्र का भी है। यहां भी वाहनों के खड़े होने के कारण बार.बार यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। खासकर कमानी गेट पर बाजार वाले दिन तो हालात ऐसे बन जाते है कि सभी दिशाओं से आने वाले वाहन ,क.दूसरे के सामने खड़े हो जाते है। इसके पीछे कारण भारी वाहनों का असमय प्रवेश है। जबकि यातायात विभाग ने भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर समय भी निर्धारित किया है, लेकिन प्रतिबंध के बोर्ड को अनदेखा कर भारी वाहनों का प्रवेश होता है। जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

वाहनों के खड़े रहने से सिकुड़ जाती है सड़कें

वाहनों को सडकों पर गलत तरीके से खड़ा किये जाने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है। वाहन चालक सडक पर वाहन खड़ा कर देते है। जिसकी वजह से सडक की चौड़ाई सिकुडकर कम रह जाती है। ऐसे में यदि बड़ा वाहन आ जाये तो निकलने तक की जगह नहीं बनती है। इससे जाम लगता है। बस स्टैंड के सामने वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा किया जाता है। हालत यह है कि यहां पर सडक पर भी वाहन खड़े कर दि, जाते हैं। सबसे खराब स्थिति दिनभर यहीं पर बनती है। इसके अलावा लल्ली चौक के पास तालाब के सामने जहां मन आता है, वहीं बाइक खड़ी कर दुकान में खरीदी करने चले जाते है। इस रोड पर भी वाहनों का अधिक दबाव रहता है। कोठीबाजार मस्जिद के पास भी यहीं हाल है। सब्जी और फलों के ठेले सडक किनारे खड़े कर दि, जाते हैं, जिससे व्यवस्था हर रोज खराब होती है।

चेतावनी के सूचना बोर्ड तक नहीं लगे

भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध की जानकारी देने वाले चेतावनी बोर्ड तक गंज क्षेत्र में पर्याप्त नहीं लगे हैं। यातायात पुलिस का कहना है कि बोर्ड लगाने की जिम्मेदारी नगरपालिका को दी थी, जबकि नगरपालिका की ओर से इस संबंध में जानकारी नहीं होने की बात कही जा रही है। ऐसे में अव्यवस्था होने के कारण राहगीर परेशान होते हैं। प्रतिबंधित समय में कई भारी वाहन शहर की सडक के किनारे खड़े नजर आते हैं। रात में भी सडक किनारे वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। इससे सडकें पार्किंग बनती जा रही हैं। शहरवासियों कहना है कि यातायात सुधार के लि, बैठकों की संख्या बढ़ाने के बजाय पुराने निर्णयों की समीक्षा और उनके पालन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है। ताकि लोगों को आवागमन की अच्छी सुविधा मिल सके।

अभिषेक को सीएम ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल के छात्र अभिषेक नागले को मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव ने लैपटॉप देकर सम्मानित किया। भोपाल में 1 सितंबर को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में अभिषेक को यह सम्मान मिला। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लेकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लि, 1 सितंबर को मिनटो हाल के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव ने अभिषेक नागले को लैपटॉप सौंपकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सड़क पर बह रहा निस्तार का गंदा पानी, वार्डवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के विकास नगर वार्ड. 28 के वार्डवासियों ने नगर पालिका बैतूल के सी,मओ नवनीत पांडे को ज्ञापन सौंपकर मकानों का निस्तार का गंदा पानी घरों के सामने की सडक़ पर बहने की शिकायत की है। शिकायती आवेदन में बताया गया है कि विक्टर फोटो स्टूडियो के पीछे वाली पहली गली में गावंडेजी के मकान से निस्तार का पूरा पानी नवनिर्मित सीमेंटेड सडक़ पर घरों के सामने से बह रहा है। पानी की निकासी पाइप लाइन सडक़ के नीचे दब कर अवरुद्ध हो गई है। वार्डवासियों ने बताया कि पहले से ही समस्त मकानों की निस्तार नाली की व्यवस्था मकान के पीछे से है, किंतु श्री गावंडे ने स्वयं सामने सडक़ में पाइप डाल कर यह व्यवस्था बनाई थी, जो अब पूरी तरह अवरुद्ध हो गई



है। पूरी कॉलोनी विगत दो माह से इस गंदे बदबूदार निस्तार के पानी से बहुत परेशान है। वार्डवासियों ने उक्त समस्या का शीघ्र समाधान कि, जाने की मांग नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से की है।

4 दशक तक शिक्षा की अलख जगाने वाले संतोष वर्मा का भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा



सेवानिवृत्ति समारोह में विधायक गंगा उईके व पूर्व विधायक मंगल सिंह धुर्वे ने शाल.श्रीफल से किया सम्मान

चार दशक तक गांवों और कस्बों में शिक्षा की अलख जगाने वाले सहायक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को विजय भवन, शाहपुर में भावपूर्ण ,वं गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उनके चार दशक लंबे सेवाकाल को शिक्षा और समाज के प्रति समर्पण की मिसाल बताते हु, अतिथियों ,वं विभिन्न संगठनों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य ,वं पूर्व विधायक मंगल सिंह धुर्वे विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने श्री वर्मा को शाल ,वं श्रीफल भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक का योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह कई पीढ़ियों के भविष्य को आकार देता है। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा.अर्चना के साथ हुआ। देश के विख्यात कथावाचक राजीव पांडे ने मंत्रोच्चार किया। कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय कवि श्री मनोज शुक्ल ष्हिन्दुस्तानीष् ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय सत्संग मंडल परिवार ,वं विद्यालय परिवार कामठी संकुल कुंडी की ओर से श्री वर्मा को मानपत्र भेंट कर उनके योगदान का सम्मान किया गया। अगस्त 1986 से अगस्त 2026 तक 40 वर्षों के सेवाकाल में श्री वर्मा ने मोरखा, देशावाड़ी, भयावाड़ी, शाहपुर और कामठी में शैक्षणिक सेवा, दीं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ ही विद्यालय और समाज के बीच ,क मजबूत सेतु के रूप में अपनी भूमिका निभाई।समारोह में कुड़मी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी श्री वर्मा का सम्मान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक ,वं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सहकर्मियों, विद्यार्थियों और समाजजनों ने उनके सेवाकाल की स्मृतियां साझा करते हु, उनके स्वस्थ ,वं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं।

मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 3 सितंबर को 33ध्11 केव्ही हमलापुर उप केंद्र से निर्गमित 11 केव्ही खंजनपुर फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया जा,गा।

जिसके चलते गुरुवार को प्रातरू 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही खंजनपुर फीडर के दुर्गा वार्ड, कत्तल ढाना, डिपो रोड, विकास नगर, गोयल फैक्ट्री, माचना नगर, अर्जुन वार्ड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन.1 के प्रबंधक ने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त हुए 11 कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से अगस्त माह में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर प्रकाश घोरसे, पी,न धोटे, इमरत सिंह वाइकर, गुणवंत राव पाटनकर, राजेन्द्र कुमार खांडवे, विजय कुमार, दिनेश कुमार पांडेय, मुराली सिंदूर, मुन्नालाल बारंगे, रामनाथ पंडोले और शेषराव कवडकर सेवानिवृत्त हु, हैं। सभी सेवानिवृत्त हु, कर्मचारियों को मुख्य अभियंता एस के लिल्होरे, मनीष शर्मा अतिरिक्त मुख्य अभियंता, ,स,न सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर , पीयूष गुप्ता मुख्य रसायनज्ञ, डाक्टर विजय कुमार रघुवंशी ने विभाग की ओर से शाल श्रीफल, हाथ घडी, दीवार घडी, मिष्ठान, फोटो और स्व सुरक्षा निधि समिति के स्मृति चिन्ह भेंट कि,। सतपुड़ा संकुल प्रमुख श्री लिल्होरे ने सेवानिवृत्त हु, कर्मचारीयों को शुभकामनायें देते हु, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त हु, कार्मिकों ने भी अपने संस्मरण साझा कि,। स्व सुरक्षा निधी समिति के नियमित सदस्य के आकस्मिक निधन होने पर आश्रित परिवार के नामांकित सदस्य को रूप, 75 हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है और आई सी यू में भर्ती होने पर रू 60 हजार का आर्थिक सहयोग उपचार के लि, बिना ब्याज के दिया जाता है।

हलषष्ठी पर्व पर माताओं ने संतान की सुख-समृद्धि के लिए की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हलषष्ठी पर्व के अवसर पर नगर में माताओं ने संतान की लंबी आयु, सुख.समृद्धि और रक्षा की कामना को लेकर विशेष पूजा.अर्चना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने हलषष्ठी माता से अपनी संतान की रक्षा ,वं परिवार की सुख.शांति के लि, आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार हलषष्ठी माता की कहानी सुनकर और पूजा-अर्चना करके प्रसादी अर्पित की गई। नगर के चंद्रशेखर वार्ड की महिलाओं ने बताया कि हलषष्ठी का पर्व भगवान बलराम के जन्मदिवस से भी जुड़ा हुआ है, इसलि, सनातन परंपरा में इस दिन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। माता, इस पर्व पर व्रत रखकर संतान के कल्याण और दीर्घायु की कामना करती हैं।

नवनिर्मित भवन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भैंसदेही विधायक महेन्द्र सिंह चौहान ने बुधवार को भीमपुर विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्लौर के छरू बिस्तरीय नवनिर्मित भवन का शुभारंभ किया गया। विधायक श्री चौहान ने अपने कहा कि चिल्लौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या बीमार होने की स्थिति में तत्काल उपचार मिलने से उनकी जान को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चिल्लौर ,क आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्र है, आस.पास के ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दामजीपुरा और चिल्लौर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को और विस्तृत बनाया जा,गा। उन्होंने बाउंड्री वॉल बनाने के लि, विधायक निधि से राशि प्रदाय कि, जाने की भी बात कही। मुख्य चिकित्सा ,वं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि चिल्लौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से आस.पास के 50 ग्राम के आमजन को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा। चिल्लौर सेक्टर अंतर्गत ग्रामों में अधिकांश प्रसव घर पर होते थे।

अतिक्रमण और बेतरतीब दुकानों से थम रही वाहनों की रफ्तार

सड़क बनी, डिवाइडर भी लगे, अब हादसों का अंदेशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

इन दिनों शहर की दो मुख्य सडक़ों का निर्माण कार्य चल रहा है, लोगों की मांग के बाद यहां जनपद चौक से पीर मंजिल तक सडक़ और नाली का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। यहीं बस स्टैंड से संतोषी माता मंदिर तक डिवाइडर और लाइटिंग का काम भी अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। शहर में कई दशकों के बाद लोगों की सुविधा और सौंदर्यीकरण की दिशा में सरकार यहां करोड़ों रुप, खर्च तो कर रही है, किंतु अब यहां लोगों की सुविधा के साथ.साथ कुछ समस्या, और लोगों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो ग, हैं, दरअसल इन इलाकों में डिवाइडर बनने से सडक़ों तक पसरी दुकानों से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, सडक़ों के आसपास अतिक्रमण से सभी छोटे बड़े वाहन रेंग रेंग कर चलने को मजबूर हो रहे हैं, तो वहीं यहां कई बार जाम के हालात भी पैदा हो रहे हैं। ऐसे में इन इलाकों में प्रतिदिन लोगों के बीच विवाद होना अब आम बात हो गई है।

हादसों का अंदेशा बेखबर प्रशासन

शहर में मुख्य सडक़ों के आसपास बेतरतीब अतिक्रमण ने जहां वाहन चालकों के लि, मुश्किलें बढ़ा दी है, तो वहीं इसके अलावा यहां सडक़ों और डिवाइडर के बनने के साथ.साथ स्थानीय प्रशासन ने सडक़ों तक पसरी दुकानों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है, ऐसे में सिमटी शहर की मुख्य सडक़ों पर प्रतिदिन बार.बार जाम लगने,वाहनों की धीमी होती रफ्तार से भी हादसों की आशंका भी बढ़ गई है।

निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार से लोगों में नाराजी

इधर शहर में निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार और बेखबर प्रशासन से लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है, और लोग नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा भी जाहिर कर रहे हैं। जैसा कि यहां के नीरज कटारिया, राजा सोनी, हितेश सोनी, सुनील सिक्केवाल, मोहम्मद राजा आदि कई लोगों ने बताया कि शहर की नपा सरकार की बेखबरी से इलाके में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन लोगों का कहना है कि यहां ठेकेदार की मनमानी और नगर पालिका के जिम्मेदारों की लापरवाही से भी ज्यादा दिक्कतें हो रही है।

सडक़ों पर बने बड़े-बड़े गढ्ढों से भी बड़ी मुश्किलें

शहर के शनिवार बाजार रेलवे लाइन क्रॉसिंग, तहसील कार्यालय, गीतांजलि चौक, मटन मार्केट, जैसे व्यस्त इलाकों के मुख्य मार्ग पर इन दिनों बारिश के चलते बने बड़े.बड़े गढ्ढों से आवागमन में दिक्कतें हो रही है, किंतु नपा प्रशासन ने ऐसे क्षतिग्रस्त इलाकों में कोई कार्यवाही नहीं की है, जिससे इलाके के लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। इस मौके पर शहर के प्रसिद्ध लॉयर पंडित राजेंद्र उपाध्याय ने कहा है कि किसी भी शहर में सडक़ों की चौड़ाई कम से कम इतनी होनी चाहि, कि लोग सुविधा से आवागमन कर सके लेकिन अगर सडक के ही प्रशासन की खामियों से अगर जानलेवा सिद्ध हो रही है तो जिम्मेदारों पर कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है। वैसे आमला में बेतरतीब सडक़ों तक पसरें अतिक्रमण से दिक्कतें तो है, और ये समस्या काफी वर्षों से है, इसके लिए प्रशासन को कार्रवाई करना चाहि,।

इनका कहना है

हम लोग शिकायत आने पर अपने स्तर पर अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई करते हैं, किंतु बड़ी कार्यवाही के लि, किसी सक्षम अधिकारी ही कुछ कर सकते हैं।

अखिलेश राजनेगी, नपा राजस्व प्रभारी, आमला

इस संबंध में नपा को निर्देशित किया जाएगा। शहर मे कहीं पर भी आवागमन में बाधा नहीं होना चाहि,।

कामिनी ठाकुर, एसडीएम आमला

गत वर्ष की तुलना में आधी भी नहीं हुई बुधवार सुबह तक सोहागपुर क्षेत्र में बारिश

औसत बारिश का आंकड़ा छूने अब तक हुई बारिश की दोगुनी की दरकार

सोहागपुर ब्लॉक में अब तक औसत की आधी बारिश हो सकी है। जिससे भविष्य में हालात चिंताजनक हो सकते हैं। अभी ओर बारिश की दरकार है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



समूचे मध्य प्रदेश में इस वर्ष बारिश का आंकड़ा कम स्थिति में नजर आ रहा है। खासकर नर्मदापुरम् जिले में बारिश का आंकड़ा बहुत पीछे है। वहीं सोहागपुर ब्लॉक में अब तक औसत की आधी बारिश हो सकी है। जिससे भविष्य में हालात चिंताजनक हो सकते हैं।

हरिभूमि प्रतिनिधि सुहागपुर में मामले में बुधवार दोपहर सोहागपुर तहसील में पदस्थ कानूनगो राहुल साहू से चर्चा की। चर्चा में साहू ने बताया कि अब तक बुधवार सुबह आठ बजे तक की स्थिति में सोहागपुर ब्लॉक में कल 617 मिलीमीटर बारिश ही हुई है। उन्होंने बताया कि नई तहसील कार्यालय के परिसर में ही वर्षा मापी यंत्र लगा हुआ है। जिसके द्वारा नियमित बारिश का आंकड़ा दर्ज किया जा रहा है। साहू के अनुसार प्रतिदिन सुबह आठ बजे के लगभग तैनात कर्मचारी द्वारा पिछले 24 घंटों में होने वाली बारिश का आंकड़ा दर्ज किया जाता है।

औसत की आधी बारिश

कानूनगो कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर में औसत बारिश का आंकड़ा 1225 मिलीमीटर का है। तथा इस वर्ष अब तक बुधवार सुबह आठ बजे तक मात्र 617 मिमी बारिश हुई है। और इस तरह हालिया वर्ष की बारिश का आंकड़ा अभी औसत के आधे पर है। वैसे प्रशासनिक रूप से प्रतिवर्ष 30 सितंबर तक होने वाली बारिश को वर्ष की औसत बारिश माना जाता है। और इस वर्ष की औसत बारिश का अंतिम आंकड़ा दर्ज करने के लिए अभी भी 20 दिन से अधिक का समय शेष है। लेकिन जिस तरह से बारिश की स्थिति बनी हुई है उसे यह अनुमान लग रहा है कि इस वर्ष की बारिश का आंकड़ा औसत तक नहीं पहुंच पाएगा।

गत वर्ष हुई थी दोगुनी बारिश

कानूनगो राहुल साहू ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि गत वर्ष दो सितंबर 2025 की सुबह आठ बजे तक सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में 1284 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। स्पष्ट है कि गत वर्ष की तुलना में भी सोहागपुर ब्लॉक में अब तक आधी बारिश नहीं हो पाई है। बारिश का इस वर्ष का आंकड़ा आगामी ग्रीष्मकाल में भूजल स्तर के गिरने का संकेत दे रहा है। जिसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के माथों पर अभी से चिंता की लकीरें खिंचने लगी हैं।

सतर्कता की दरकार

बारिश के आंकड़े बता रहे हैं कि संभवत अगले वर्ष मार्च के बाद से ही ब्लॉक क्षेत्र में पेयजल के हालात बिगड़ने लगेंगे। मामले में पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि वर्ष दर वर्ष नकारात्मक रूप से प्रभावित होता बारिश का आंकड़ा चिंताजनक हालात पैदा कर रहा है। जिससे आने वाले समय में भूजल स्तर के गिरते जाने के आसार बनने लगे हैं। अतः आवश्यक है कि नागरिक अभी से जल के अव्यय पर रोक लगाएं। साथ ही भूजल स्तर में बढ़ोतरी के प्रयास भी किए जाएं।

बारिश कम होने से खेती की बढ़ी लागत



प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक व उन्नत कृषक सुभाष पटेल से हरिभूमि ने बुधवार को विशेष चर्चा की। पटेल ने बताया कि बरसात कम होने के कारण धान के खेतों में खरपतवार बहुत अधिक मात्रा में ऊगी है। खरपतवार को हटवाया जा रहा है और इस तरह से खेती की लागत बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि यह लागत कम से कम रू 2000 प्रति एकड़ बढ़ गई है। और इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। यदि बारिश अच्छी हो जाती तो खेतों में खरपतवार उस मात्रा में उत्पन्न नहीं होती, जिस मात्रा में बारिश नहीं होने के कारण उत्पन्न हुई है। और इससे लागत भी नियंत्रित रहती।

पंचायत भवनों पर लटके ताले, नदारद रहते सचिव व रोजगार सहायक, जनसुनवाई की कर रहे अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले 'जनसुनवाई कार्यक्रम' को पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में ठेंगा दिखाया जा रहा है।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) हिमांशु जैन ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी एवं जनपद CEO श्रीराम सोनी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मंगलवार को दोपहर 11:00 बजे से 1:00 बजे के बीच पंचायत स्तर पर जनसुनवाई सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद, निचले स्तर के कर्मचारी और अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों को हवा में उड़ा रहे हैं।

समय पर नहीं खुलते पंचायत भवन

शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय सुबह 10:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक का है, वहीं जनसुनवाई का समय 11:00 से 1:00 बजे तक तय किया गया है। लेकिन लगातार दूसरे मंगलवार को पड़ताल में पाया गया कि पिपरिया शहर के आसपास की अधिकांश ग्राम पंचायतों—विशेष रूप से बनवारी, सिमारा, हथनापुर और बम्होरी कला—में दोपहर 12:00 बजे से पहले सचिव या रोजगार सहायक पहुंचते ही नहीं हैं। कई पंचायतों के दरवाजे पर तो दिन भर ताला ही लटका रहता है।

बनवारी पंचायत में लटका मिला ताला

मंगलवार को जब बनवारी ग्राम पंचायत का जायजा लिया गया, तो पंचायत भवन पर ताला जड़ा हुआ था। सचिव गीता जावरियाः पंचायत से नदारद थीं। जब उनसे मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। रोजगार सहायक ब्रजेश प्रजापतिः पंचायत भवन में अनुपस्थित पाए गए। दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने सफाई दी कि वे 'सीएम हेल्पलाइन' की शिकायत बंद करवाने के लिए शिकायतकर्ता को लेकर एसडीएम (SDM) कार्यालय गए हुए थे।

ग्रामीणों में आक्रोश

पनारी, सिमारा और बनवारी सहित आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी समस्याएं और आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचते हैं, लेकिन पंचायत भवन में ताला लटका देखकर उन्हें बिना किसी सुनवाई के वापस लौटना पड़ता है। जब वरिष्ठ स्तर पर कलेक्टर स्वयं जनसुनवाई कर रहे हैं, जो सचिवों और रोजगार सहायकों की इस तरह की लापरवाही प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती है।

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री राम सोनी का कहना है । आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है पंचायत को नोटिस जारी किया गया है। आगे कार्रवाई की जावेगी।

निर्माण एजेंसी के कार्य में लेटलतीफी करने पर नाराजगी जताई

नर्मदापुरम। वार्ड क्रमांक 32 में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माण एजेंसी को लेटलतीफी से कार्य करने पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि समय सीमा में कार्य पूर्ण करें जिससे नागरिकों को जल्द राहत मिल सके। उपयंत्री मुकेश जैन ने बताया कि नपाध्यक्ष यादव द्वारा वार्ड 32 में कब्रिस्तान के पास नई सड़क के स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जैन ने बताया कि नपाध्यक्ष द्वारा खोजनपुर से बीजासेन माता चबूतरा तक सड़क स्वीकृत है। लेकिन एजेंसी द्वारा कार्य में लेटलतीफी की जा रही है।

वंशिका यादव का नेशनल रेफरी के लिए चयन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी की वंशिका यादव का श्रीनगर जम्मू कश्मीर के लिए नेशनल रेफरी के लिए चयन हुआ पचमढ़ी की वंशिका यादव का चयन सेपक तकरा चैंपियन शिप में नेशनल रेफरी के रूप में हुआ हे । ये राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 06 सितंबर से 10 सितंबर 2026 तक श्री नगर जम्मू कश्मीर में अयोजित की जा रही हे, वंशिका यादव पिता खेल प्रशिक्षक तरूण कुमार यादव एवं माता सरला यादव शिक्षिका छावनी विद्यालय पचमढ़ी की पुत्री हैं, जो वर्तमान में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से बी.पी.एड में अध्ययनरत हैं, वंशिका यादव की ये उपलब्धि पचमढ़ी एवं पूरे नर्मदापुरम जिले के लिए गौरव की बात है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार,गणमान्य नागरिको, खिलाड़ियों एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाये दी हैं।

कल्ले की रोटी के विवाद में 4 बहनों और जीजा ने की भाई की हत्या, आत्महत्या दिखाने की कोशिश

रक्षाबंधन के दूसरे दिन वारदात को दिया था अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास में रक्षाबंधन के अगले ही दिन हुई युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। जिस मौत को आरोपी आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर रहे थे, वह दरअसल एक नृशंस हत्या निकली। मंगलवारा थाना पुलिस ने मामले की परतें खोलते हुए मृतक के जीजा और तीन बहनों सहित एक नाबालिग बहन को गिरफ्तार कर लिया है।

रोटी नहीं बनाने पर शुरू हुआ था विवाद

मंगलवारा थाना प्रभारी आदित्य सैनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक बब्लू कल्ले रोटी खाने की जिद कर रहा था। जब बहनों ने रोटी बनाने से इनकार कर दिया, तो आक्रोशित होकर बब्लू घर का सामान फेंकने लगा। इस बात से नाराज होकर बहनों और जीजा ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया।

धारदार हथियारों और डंडों से पीट-पीटकर मारा

विवाद बढ़ने पर आरोपी जीजा दिनेश अहिरवार, बहन रिंकी, लच्छो, प्राची और एक नाबालिग बहन ने मिलकर बब्लू पर डंडों, हंसिया और अन्य धारदार हथियारों से सामूहिक रूप से जानलेवा हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण बब्लू की मौके पर ही मौत हो गई।

आत्महत्या का रूप देने की थी कोशिश

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने और पुलिस को गुमराह करने की नीयत से पूरी घटना को आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया।

हालांकि, पुलिस की जांच और पूछताछ में आरोपियों की साजिश बेनकाब हो गई। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जीजा दिनेश अहिरवार और तीनों बालिग बहनों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं मामले में शामिल नाबालिग बहन के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व पार्षद धर्मदास मिहानी का जन्म स्मृति दिवस 4 सितंबर को 'सेवा दिवस' के रूप में मनेगा



इटारसी। समाज में निस्वार्थ सेवा की मिसाल कायम करने वाले पूर्व पार्षद एवं पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय धर्मदास मिहानी की स्मृतियों को जीवंत रखने के लिए उनके परिवार ने एक बेहद सकारात्मक और सराहनीय पहल की है। 4 सितंबर को उनका जन्म स्मृति दिवस परिवार द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिखावे से दूर, समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान और सहायता के लिए दिनभर विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे, जो स्व. मिहानी के आदर्शों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं मुस्कान बालिका गृह में बालिकाओं को भोजन कराने के साथ-साथ उनके लिए आवश्यक दैनिक सामग्री प्रदान की जाएगी।

अन्नदान महादान

जरूरतमंदों का पेट भरने वाली 'खाटू श्याम सामुदायिक रसोई' की भोजन व्यवस्था में परिवार द्वारा विशेष सहयोग दिया जाएगा।

अन्य सहायताः इसके अतिरिक्त दिनभर अन्य जनसेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता के विविध कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

प्रेरणादायक पहल

जन्मदिन या पुण्यतिथि पर अक्सर लोग पारंपरिक आयोजन करते हैं, लेकिन स्व. धर्मदास मिहानी के परिवार का यह निर्णय समाज के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यही है कि जिन सेवा कार्यों से मिहानी जी ने जीवनभर लोगों के दिलों में जगह बनाई, उन्हीं कार्यों के माध्यम से उनकी स्मृतियों को हमेशा के लिए अमर रखा जाए।

सत्यम अग्रवाल बने अध्यक्ष, अरविंद सिंह सचिव

नर्मदापुरम। साई कृष्णा हिल व्यू रिजॉर्ट में जिला फुटबॉल संघ की नवीन कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीता सरन शर्मा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा और सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ठाकुर सहित कई विशिष्ट गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।विधान शाखा अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, सचिव अरविंद सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सरोज सिंह चौहान एवं मयूर जायसवाल, कोषाध्यक्ष आशीष डेविड, स्थाई सदस्य दीपक परदेसी सदस्य विजय पुरोहित, सचिन पूर्विया, उदय राजपूत, बबलू रैकवार एवं अक्षत तिवारी शामिल हैं।

संबल योजना के 126 केस अटके, 3 माह से सचिव-सहायकों का वेतन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (CM Helpline) पर शिकायतों की भरमार है, वहीं दूसरी तरफ शासन स्तर से बजट न मिलने के कारण संबल योजना, पेंशन और विकास कार्यों के भुगतान अटके पड़े हैं।

शिकायत बंद कराने का आरोप

क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई शिकायतों में लगभग 70 प्रतिशत शिकायतें फर्जी बताई जा रही हैं। ठोस कार्रवाई न होने के कारण कुछ लोगों ने प्रतिदिन फर्जी शिकायतें दर्ज कराने की आदत बना ली है।

'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के तहत एसडीएम (SDM) आकिब खान और तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अधिकारियों ने शिकायतों के निराकरण के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। आरोप है कि कई मामलों में निराकरण के बाद भी शिकायतकर्ता केस बंद नहीं कर रहे हैं, जिन्हें जबरन या पैसे देकर बंद कराया जा रहा है। स्थानीय प्रशासनिक अमले ने शासन से ऐसे अनर्गल शिकायतकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

संबल योजना के 126 केस लंबित

जनपद पंचायत क्षेत्र में संबल योजना के लगभग 126 मामले पिछले कई महीनों से लंबित पड़े हैं। योजना के तहत लगभग 2 लाख रुपये का भुगतान शासन स्तर पर अटका हुआ है। हद तो यह है कि अंत्येष्टि संस्कार की राशि भी पंचायतों के खातों में जमा नहीं कराई गई है, जिसके चलते सचिव और रोजगार सहायक मजबूरी में अपनी जेब से परिजनों को भुगतान कर रहे हैं।

सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का आलम यह है कि पिछले करीब 6 महीनों से विधवा, परित्यक्ता, निराश्रित और दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है। वहीं, बीते 3 महीनों से सचिव और रोजगार सहायकों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष है।

इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) श्रीराम सोनी का कहना है कि शासन स्तर से ही बजट का आवंटन (फंड) प्राप्त नहीं हुआ है। जैसे ही शासन से राशि स्वीकृत होकर आएगी, लंबित भुगतान और विकास कार्यों की राशि का वितरण कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बलराम जयंती महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के तत्वावधान में नर्मदापुरम स्थित सर्किट हाउस घाट हनुमान मंदिर प्रांगण में बलराम जयंती महोत्सव एवं महिला किसान रक्षाबंधन पर्व का आयोजन अपार उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री बलराम जी के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन-अर्चन और आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सैकड़ों महिला किसान बहनों ने किसान भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र (राखी) बांधकर उनकी दीर्घायु और समृद्धि की कामना की, वहीं किसान भाइयों ने भी बहनों के सम्मान, सुरक्षा और हितों की सदैव रक्षा करने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा बलराम जयंती और रक्षाबंधन पर्व





को एक साथ मनाने की इस अनूठी एवं पावन परंपरा की शुरुआत वर्ष 2025 में की गई थी। संगठन द्वारा यह परंपरा निरंतर जारी रखी गई है और भविष्य में भी इसे इसी तरह भव्य रूप से आयोजित किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि कृषि के देवता भगवान बलराम जी का जीवन हमें कड़ी मेहनत और स्वाभिमान का संदेश देता है। वहीं, हमारी महिला किसान बहनें खेती-किसानी की धुरी हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के सभी प्रमुख पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि, सैकड़ों की संख्या में किसान भाई एवं बड़ी संख्या में महिला किसान बहनें उपस्थित रहीं। पूरा मंदिर परिसर 'जय बलराम' और 'किसान एकता जिंदाबाद' के जयघोषों से गुंजायमान रहा।

जिले भर में मनाई गई बलराम जयंती, विभिन्न आयोजन हुए

बलराम कृषि महोत्सव में प्राकृतिक खेती का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम नीमनमूड़ा में बुधवार को बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सोहागपुर के प्राकृतिक कृषि विशेषज्ञ सुभाष पटेल ने प्राकृतिक खेती पर वक्तव्य दिया।

इस महोत्सव में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे, बीटीएम लवकुश पटेल व सुजान यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के किसान भाईयों को प्राकृतिक खेती करने, इस तरीके की खेती में उत्तम उत्पाद प्राप्त करने, रसायन युक्त खेती के स्थान पर प्राकृतिक संसाधन का उपयोग करने सहित मिट्टी और



पर्यावरण को स्वस्थ रखते हुए खेती को लाभकारी बनाने के विषय पर सुभाष पटेल ने जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। किसानों के साथ प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक खाद एवं प्राकृतिक कृषि इनपुट के उपयोग पर चर्चा कर अपने अनुभव साझा किए।

पटेल सहित उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सभी किसानों तक प्राकृतिक खेती का संदेश देने व उन्हें स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ फसल एवं स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना ही हमारा उद्देश्य है। इस दौरान कृषक बंधु उपस्थित थे।

महाविद्यालय में हबलराम जयंती का आयोजन किया



माखन नगर। श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में हलछठ पर्व पर बलराम जयंती का आयोजन किया गया सरस्वती पूजन एवं बलराम पूजन से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य ने दिया मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कृषक अनुराग दीवान सम्मिलित हुए उन्होंने जैविक कृषि के बारे में जानकारी देते हुए इसे वर्तमान की आवश्यकता बताया। विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह सोलंकी ,किसान मोर्चा ने बलराम जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं प्रोफेसर डी.एस . खत्री ने बलरामजी के अवतारों का वर्णन किया। इस अवसर पर डॉ.कविता दुबे, डॉ.संगीता मिश्रा, डॉ.अमिताभ शुक्ला,प्रो.अजय मेहरा, श्रुतिका कांसकार,शीतल वर्मा ,शिवानी मालवीय के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यातायात दुरुस्त करने ऑटो के लिए वन-वे सड़क किनारे पार्किंग और ठेले किए प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए थाना इटारसी एवं यातायात चौकी ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में नई यातायात और पार्किंग व्यवस्था लागू की है। यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने कई कड़े नियम बनाए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ऑटो के लिए वन-वे सिस्टम

नीलम होटल से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1, जीआरपी थाना और माल गोदाम तक ऑटो के लिए केवल 'पिक एंड ड्रॉप' (सवारी उतारने-बैठाने) की व्यवस्था रहेगी। ऑटो वापस नीलम होटल की ओर



नहीं लौटेंगे, बल्कि जीआरपी थाने के बगल वाली रोड (पोर्टर खोली) से आर.एम.एस. तिराहा होते हुए बाहर निकलेंगे। यह नई वन-वे व्यवस्था दो-पहिया और चार-पहिया (कार) वाहनों पर लागू नहीं होगी। वे पूर्व निर्धारित यातायात व्यवस्था के अनुसार आ-जा सकेंगे।

ठेले लगाने पर पूर्ण रोक

नीलम होटल से स्टेशन और माल गोदाम मार्ग पर सड़क किनारे और ऑटो स्टैंड के पास ठेले खड़े करने या लगाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

नो-पार्किंग जोनः इस पूरे मार्ग पर सड़क किनारे किसी भी प्रकार के वाहन (दो-पहिया, ऑटो, चार-पहिया या मालवाहक) की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यातायात और पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की आमजन से अपील थाना इटारसी एवं यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों, दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क किनारे अनधिकृत पार्किंग न करें, केवल निर्धारित पार्किंग का उपयोग करें और पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में सहयोग करें।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल का निरीक्षण कर जायजा लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक शशांक के साथ जिला जेल हरदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम अशोक डहेरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैरकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की संख्या और उनके रहने की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने इस दौरान कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मेनू की भी जांच की। जेल के चिकित्सा कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता और परिसर की स्वच्छता व्यवस्था तथा कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण की भी जानकारी ली। उन्होने जेल की सुरक्षा दीवारों पर कांटेदार तार की फेंसिंग कराने के निर्देश भी जेल अधिकारी को दिये। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा कैदियों की तलाशी भी ली गई।

टिमरनी में आज मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में टिमरनी में प्रस्तावित कार्यक्रम की तिथि में संशोधन किया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर 4 सितंबर को शासकीय अवकाश होने के कारण नगर परिषद टिमरनी के फारेस्ट डीपो नीलामी हॉल में 3 सितंबर गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का संचालन जिले में 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित क्षेत्रों का भ्रमण कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के निराकरण तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों ने कपास, अरहर, मक्का व मिर्च का किया निरीक्षण

कपास में रस चूसक कीटों के प्रकोप पर किसानों को नियंत्रण के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले में फसलों की स्थिति एवं कीट-रोग प्रकोप का जायजा लेने के लिए मंगलवार को कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के जिला स्तरीय डायग्नोस्टिक दल द्वारा विकासखण्ड गोगावां एवं भीकनगांव के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया गया। दल ने ग्राम शुकुरियाखेड़ी, देवला गांव, बिलाली, सेल्दा, शकरखेड़ी एवं मोहनगढ़ में किसानों के खेतों का निरीक्षण कर कपास, अरहर, मक्का एवं मिर्च फसलों की स्थिति का अवलोकन किया।

डायग्नोस्टिक दल में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.के. सिंह, सहायक संचालक कृषि गोपाल डावर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड गोगावां रामलाल सांवले, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड भीकनगांव रामलाल मोरे सहित कृषि विभाग का मैदानी अमला शामिल रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकांश खेतों में फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई। हालांकि कुछ स्थानों पर कपास एवं मिर्च फसल में कीट एवं रोग का प्रकोप भी पाया गया। कपास फसल में हरे एवं सफेद मच्छर तथा अन्य रस चूसक कीटों का प्रकोप दिखाई देने पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.के. सिंह ने किसानों को कीट नियंत्रण के लिए अनुशंसित कीटनाशकों का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने अन्य अनुशंसित कीटनाशकों का निर्धारित मात्रा में प्रति एकड़ छिड़काव करने की सलाह दी।

कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को रासायनिक कीटनाशक के छिड़काव के बाद जैविक कीटनाशकों जैसे नीम तेल, मेटाराइजियम, निंसोलिप्स एवं ब्यूवेरिया आदि का भी उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से फसलों का नियमित निरीक्षण करने तथा कीट एवं रोग का प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रण करने का आग्रह किया। निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड गोगावां एवं भीकनगांव के कृषक श्री सदाशिव मंगत, श्री श्याम सदाशिव, श्री शंकर शोभाराम, श्री उदयसिंह रामसिंह, रविन्द्र नयनसिंह, श्री लक्ष्मीनारायण ओमप्रकाश यादव, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ निमाड़-मालवा प्रांत के तहसील अध्यक्ष हवालसीलाल यादव, शिवपाल चौहान, विक्रम पटेल, युगल किशोर, नाना पटवारिया, लखन मुरानिया, मोहन यादव, दीपक यादव, संतोष तथा सेल्दा सरपंच जितेन्द्र यादव सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।



बलराम जयंती के अवसर पर प्राकृतिक खेती उत्पाद सह संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बलराम जयंती के अवसर पर उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला हरदा द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक हॉट बाजार तथा प्राकृतिक खेती के उत्पाद सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले 6 कृषकों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। हॉट बाजार में 52 विजिटर/कस्टमर्स ने सहभागिता कर प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों की जानकारी प्राप्त की तथा उत्पादों की खरीदी की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी सहभागिता की गई। उप संचालक कृषि प्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना, कृषकों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा आमजन को प्राकृतिक एवं सुरक्षित कृषि उत्पादों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर कृषकों एवं उपभोक्ताओं के बीच प्राकृतिक खेती के लाभ, उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन एवं उपभोक्ता मांग से संबंधित विषयों पर संवाद भी किया गया।

जिला चिकित्सालय को मिली नई व्हीलचेयर, मरीजों को मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला चिकित्सालय हरदा में आने वाले गंभीर और दिव्यांग मरीजों के सुगम आवागमन के लिए अस्पताल को एक नई व्हीलचेयर दान स्वरूप भेंट की गई है। इस पुनीत कार्य से अस्पताल आने वाले बुजुर्ग और असहाय मरीजों को काफी सहूलियत होगी। यह व्हील चेयर स्व. मनोरमा गोकुलदास अग्रवाल (रतलाम वाले) की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय को दान की गई है। हरदा नगर की वरिष्ठ समाजसेविका उषा गोयल ने अग्रवाल परिवार की ओर से यह व्हीलचेयर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को मरीजों के हित में प्रदान की। गोयल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है।

खिरकिया में गंदगी फैलाने वालों से 7,500 रुपए जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नगर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा के निर्देश पर नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधितों से कुल 7,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और निर्धारित स्थान पर ही कचरे का निपटान करें।



23 चेकिंग दलों ने विभिन्न क्षेत्रों में की जांच, 153 प्रकरणों में 26.37 लाख रुपए की बिलिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, हरदा वृत्त द्वारा विद्युत चोरी एवं अनाधिकृत विद्युत उपयोग के विरुद्ध बुधवार को जिले में व्यापक स्तर पर विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। महाप्रबंधक सुरेश कुमार के निर्देशन में गठित 23 चेकिंग दलों ने जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों एवं क्षेत्रों में सघन जांच की। अभियान के दौरान विद्युत चोरी एवं अनाधिकृत उपयोग के 153 प्रकरण विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत बनाए गए। इन प्रकरणों में कुल 26.37 लाख रुपये की बिलिंग की गई है। सभी प्रकरणों में नोटिस जारी कर नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि विद्युत चोरी एवं अनाधिकृत उपयोग के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें। कंपनी ने कहा कि विद्युत चोरी से केवल विद्युत वितरण कंपनी को आर्थिक नुकसान नहीं होता, बल्कि इसका प्रतिकूल प्रभाव ईमानदारी से बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। यह कार्रवाई मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नियमित विद्युत चोरी निरोधक प्रयासों के अनुरूप है।

30 दिन से अधिक तक भंडारित नहीं कर सकेंगे स्टॉक

कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से अधिक चीनी का नहीं रखेगा स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश में कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रखेगा। साथ ही स्टॉक को 30 दिन से अधिक समय तक भंडारित भी नहीं करेगा। सभी डीलरों द्वारा भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की घोषणा को नियमित अद्यतन करना अनिवार्य होगा। सरकारी खाते पर या राज्य सरकार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से किसी डीलर के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरण के लिये स्टॉक के भंडारण पर यह सीमा लागू नहीं होगी। कोई भी थोक उपभोक्ता, जो उत्पादन, उपभोग या उपयोग के लिये कच्चे माल के रूप में किसी भी प्रकार से प्रतिमाह 10 मीट्रिक टन चीनी का उपयोग या उपभोग करता है, वह 15 दिनों से अधिक की अवधि के लिये चीनी का स्टॉक नहीं करेगा। थोक उपभोक्ता से अभिप्राय है हलवाई, मिठाई विक्रेता, शीतल पेय निर्माता, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आदि, जिसने चालू माह को छोड़कर पिछले एक वर्ष के दौरान औसत मासिक खपत के रूप में न्यूनतम 100 मीट्रिक टन का उपयोग किया है।

एसडीएम और एसडीओ ने किया कस्बे का भ्रमण

भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा चल समारोह में हजारों लोग शामिल होंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

श्री श्याम सेवा समिति द्वारा जनसहयोग से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएग। फलस्वरूप एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे और एसडीओ पुलिस केतन अडलक सहित अधिकारियों के दल ने चल समारोह मार्ग का भ्रमण किया। इसके पूर्व जनपद सभागृह में एसडीएम छापरे ने समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जनपद सभागृह में आयोजित बैठक करीब पौन घंटे तक चली। जिसमें समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में सुधीर यादव, प्रतीक ठाकुर, लखन मंडलोई, विक्की शर्मा, दीपक गोसर, पीयूष गंगराड़े,चार्ली गंगराड़े, नितल पटेल उपस्थित थे। समिति ने अधिकारियों को बताया कि यह श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकलने वाला 12वां चल समारोह है। जिसमें दूर दराज के गांव तक के करीब 8,10 हजार लोग शामिल होते हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन अधूरे सड़क निर्माण और कीचड़ युक्त गड्ढों की ओर ध्यान आकर्षित किया। एसडीएम छापरे ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ लोकेश चौहान को निर्देश दिए हैं कि समिति से मिलकर प्राथमिकता से सुधार कार्य पूर्ण करें। जिससे ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोगों को परेशानी अथवा दुर्घटनाओं का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक यंत्री नरेंद्र मोरे को विद्युत व्यवस्था,थाना प्रभारी गणपत कनेल को सुरक्षा और पंचायत सचिव को पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाएं करने हेतु निर्देशित किया है। चल समारोह के पीछे चिकित्सा वाहन की व्यवस्था के निर्देश बीएमओ डॉ दीपक शस्त्रे को दिए हैं। वहीं, अग्निशामक वाहन भी चल समारोह के पीछे-पीछे चलेगा। अंत में अधिकारियों ने कछुए की उन मार्गों का निरीक्षण किया, जहां से चल समारोह निकलेगा। उन्होंने श्री राम मंदिर से लेकर ब्लॉक कालोनी,न्यू बस स्टैंड, संत सेवालाल महाराज तिराहा, पुराना बस स्टैंड, गुरुद्वारा चौक और तिल्ली खला होकर वापसरामदेव मंदिर पहुंचेगा। जहां भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा।

श्री श्वेतांबर जैन मंदिर श्री संघ इटारसी ने विजय संचेती को सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत 33 वर्षों से निरंतर मास खमन कर रहे तपस्वी रत्न भाई विजय संचेती का श्री स्वेताम्बर जैन मंदिर श्री संघ द्वारा सम्मान तिलक लगाकर, माला पहनाकर कर शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन पत्र ससम्मान भेंट किया। विदित हो कि भाई विजय संचेती उपरोक्त मास खमन में केवल गर्म जल का ही सेवन कर निराहार उपवास करते हैं. उपरोक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं सचिव श्री संजीव गोठी ने संयुक्त रूप से दी .तपस्वी रत्न श्री विजय भाई के सम्मान की इस कड़ी मे श्री सुरभि महिला मंडल की अध्यक्ष सोनल गोठी ने अभिनंदन पत्र का वॉचन किया,श्री संघ की महिलाओ ने तपस्या के गीत गा कर बहुमान किया। तत्पश्चात समीरमल सुधीर कुमार गोठी परिवार ने भी शॉल ओढ़ाकर, तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर तपस्वी भाई विजय संचेती का ससम्मान किया।

दूध डेयरियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की जांच पड़ताल

15 नमूनों में सुक्रोज, माल्टोज, ग्लूकोज, यूरिया व नमक की जांच, छात्रावास में दूध की गुणवत्ता जांच के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर गुरु प्रसाद के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले में दूध डेयरियों एवं विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के प्रावधानों के तहत की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने रेपिड किट टेस्ट के माध्यम से दूध की गुणवत्ता की प्राथमिक जांच मौके पर ही की।

जांच के दौरान दूध में सुक्रोज, माल्टोज, ग्लूकोज, यूरिया, न्यूट्रीलाईजर एवं नमक की उपस्थिति की जांच की गई। जांच में इन पदार्थों की मात्रा नहीं पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नर्मदे हर दूध डेयरी, सितावल्भ मार्केट खरगोन, अंबिका स्वीट्स एवं दूध डेयरी, बी.टी.आई. रोड खरगोन, अंबिका का दूध डेयरी, बी.टी.आई. रोड खरगोन तथा श्री गोपाल दूध डेयरी, ग्राम मांगरिया का निरीक्षण किया गया। उक्त डेयरियों से दूध के कुल 15 नमूने संग्रहित कर अलग-अलग जांच की गई। इसी क्रम में देवी अहिल्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01 खरगोन के छात्रावास में भी रेपिड किट टेस्ट के माध्यम से दूध की गुणवत्ता जांच का प्रदर्शन किया गया। छात्रों को दूध में सुक्रोज, माल्टोज, ग्लूकोज, यूरिया, न्यूट्रीलाइजर एवं नमक की उपस्थिति की जांच के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



